सफलता पूर्वक 4 साल
www.politelive.com
# पोलिट लाइव
दैनिक डिजिटल अखबार
★वेब चैनल ★यूट्यूब न्यूज ★1 लाख लोग
वर्ष.- 5 अंक - 30 Reg no-4-000-1393 धनबाद,शनिवार, 27 जुलाई,2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# देवा प्रभा आउटसोर्सिंग में काम मांगने गए युवक को हॉल पैक वाहन ने कुचला, दर्दनाक मौत

- शव को क्षत-विक्षत कर किया गायब,
- परिजनों ने शेष बचे शव के टुकड़े को ले कर किया विरोध
- गुस्साए लोगों ने कई वाहनों को फूंका
- पुलिस पर पक्षपात का लगाया आरोप



- डीएसपी लॉ एंड आर्डर, डीएसपी सिंदरी सहित कई कई थानों की पुलिस सहित धनबाद से पहुंचा अतिरिक्त बल
- स्वजनों ने लगाया निदेशक के बाडीगार्ड पर फायरिंग व मारपीट का आरोप
- शव को घटना स्थल से दूसरे जगह फेंकने का आरोप लगाया गया,
- कई थानों की पुलिस मौके पर पहुँच कर कैम्प कर रही है,
- ग्रामीणों का कहना है की पुलिस अपनी ड्यूटी निभाती है या पूँजीपतियों की दलाली करती है यें अब देखना है...

### स्वजन शव को मौके पर लाने की मांग पर अडे है।

सुरज कैटरिंग कर परिवार का करता था भरन पोषण चार भाई व तीन बहन में सबसे बड़ा सुरज कैटरिंग कर परिवार का भरन पोषण करता था। पर हमेशा कैटरिंग का काम नही मिलने से उसे परिवार चलाने में परेशानी होता था। उसके घर के पास ही परियोजना का काम चल रहा है। जिस कारण वह कंपनी में काम मांगने जाता था। पर होनी को कुछ और ही मंजूर था। सुरज की दो पुत्री व एक पुत्र है। सभी रो रो कर बेहाल है।





**झरिया :** लोदना क्षेत्र के बागडिगी-जयरामपुर में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग के पेटी कांटेक्टर देवा प्रभा आउटसोर्सिंग के कैप सह कार्यालय में शुक्रवार को काम मांगने गए नार्थ तिसरा जियलगोरा के रहने वाले तीस वर्षीय सुरज माली को कंपनी के हॉल पैक वाहन ने मेन गेट के समीप कुचल दिया। मौके पर ही सुरज की दर्दनाक मौत हो गई। सर के छोड़ कर शरीर के बाकी का हिस्सा क्षत-विक्षत हो गया। जानकारी पाकर आसपास के लोगों की भारी भीड उमड पड़ा। आक्रोशित लोगों ने तीन हाइवा, एक कैपर वाहन को आग लगा दिया। कैप के अंदर लगे कर्मियों के दर्जन से अधिक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। देव प्रभा कंपनी के निदेशक कुंभनाथ सिंह के दोनों स्कोर्पियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी पाकर लोदना ओपी प्रभारी रजनी कांत सदल बल पहुंचे। पर लोगों ने उनकी एक नही सुनी। वाहन में लगे आग को पुलिस ने बुझाने का प्रयास किया। तो आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। लोदना पुलिस ने घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दिया। उसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। पर भीड़ कुंभनाथ सिंह व उसके बाडीगार्ड के गिरफ्तारी की मांग कर सुरज के शव को घटना स्थल पर लाने की मांग कर रहे थे। पर पुलिस शव लाने को लेकर टाल बटौल करती रही। शाम करीब सात बजे आक्रोशित लोगों ने एक और वाहन में आग लगा दिया। साथ ही साथ आउटसोर्सिंग में मौजूद एक डोजर को भी आग के हवाले कर दिया।

मृतक के सुरज के मंझले भाई दारोगा माली उर्फ राजा ने बताया हमलोग परियोजना के जद में रहते है। कई दिनों से बड़े भाई सुरज को काम के कंपनी के कार्यालय में जा रहा था। शुक्रवार को देने के लिए बुलाया जा रहा था। पर काम नही देकर टहलाया जा रहा था। शुक्रवार को भी भाई सुरज को बायोडाटा लेकर आने को कहा। अपने भाई के साथ कार्यालय गया। सुरज कार्यालय में बायोडाटा जमा करने जा ही रहा था कि कैंप से एक तेज गति से हॉल पैक निकला और भाई को कुचल दिया। हम कंपनी के गेट के पास ही थे। उसके बाद हॉल पैक को वहां से हटा दिया। कंपनी का मुख्य गेट को बंद कर दिया। उसके बाद एक कैपर वाहन में कंपनी का आदमी भाई के शव को डालने लगा। हम वहां से भाग कर अपने घरवालों व आसपास के लोगों को सुचना दिया। जब तक हमलोग वहां पहुंचे। भाई का शव गायब था। शव के बचे हिस्से को एक बर्तन में रख मुख्य गेट पर ही बैठ गए स्वजन,घटना के बाद सुरज की पत्नी रेणु देवी, मां दुलारी देवी, पिता बिरेन्द्र माली व बहन पुजा व अन्य स्वजन पहुंचे तो देखा कि सुरज का शव वहां नही है। पर उसके शरीर के कुछ हिस्सा वहीं जमीन पर पड़ा था। स्वजनों ने सभी हिस्से को एकत्रित कर एक बर्तन में रख कर वहीं बैठ कर रोने लगा। बहन पुजा व भाई दरोगा ने बताया कि जब घटना व भाई के शव के बारे में जानकारी लेने गए तो कंपनी के निदेशक कुंभनाथ सिंह व उसके बाडीगार्ड ने मारपीट किया। कुंभनाथ के कहने पर उसके बाडीगार्ड ने हमको पिस्टल के बट से मारा। तीन राउंड फायरिंग भी किया। घटना के बाद कई लोग कंपनी का साथ दे रहा था। स्वजनों ने बताया कि कंपनी के दलाली करने वाला ही हमारे भाई को बार बार काम देने के नाम पर टहला रहा था।

JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY
Koylanchal Academy
(A Unit of Pragati Path)
ADMISSION OPEN
Diploma in
➤Computer Application
➤Management
➤GIS
➤Banking & Insurance
➤Regional Language
➤Urdu Language
➤Counseling
➤Digital Marketing
➤Health Sanitary Inspector
➤Bedside Assistant
➤Project Management
➤Marketing Management
➤Naturopathy
➤Yoga
➤Nursery Teacher Training
➤Rural Management
➤First Aid Specialist
➤Public Health Guard
➤Vocational (Logistics)
➤Amanat and Surveying

Certificate in
➤E-Commerce
➤Legal Awareness
➤Rural Development
➤Media Management
➤Mass Communication
➤Vocational (Logistics)
PG Diploma in
➤Management
➤Human Resources (HR)
➤Rural Development
➤Information Technology (IT)
➤Computer Application
KOYLANCHAL PUBLIC SCHOOL CAMPUS, KPS Road, Simaldih, Telipara, Hirapur, Dhanbad.
7520092700
8877000860
www.jsoudhanbad.in
jsoudhanbad@gmail.com




# धनबाद में सीबीआई की दबिश: शिकंजे में आया पवन, तालाब से निकाला मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा

- **सुदामडीह स्थित एक तालाब में कई दस्तावेज और उपकरण बोरा में भरकर फेंका गया**
- **नीट परीक्षा लीक मामले में 37 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं.**
- **सीबीआई अमित सिंह को तलाश कर रही है**




धनबाद : नीट पेपर लीक केस की जांच लगातार चल रही है. देश के साथ साथ झारखंड के कई हिस्सों में सीबीआई दबिश दे चुकी है. इसी कड़ी में शुक्रवार को जांच एजेंसी की टीम एक बार फिर से धनबाद पहुंची. यहां से उन्होंने पवन को हिरासत में लिया है. पूछताछ के बाद पवन की निशानदेही पर एक तालाब से मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा बरामद किया गया है.

### तालाब में फेंका गया था दस्तावेज से भरा बोरा

नीट पेपर लीक मामले में पिछले दिनों सीबीआई ने सरायढेला से अमन, बंटी और राहुल को गिरफ्तार किया था. तीनों से पूछताछ में अमित और पवन समेत कई लोगों का नाम आया. शुक्रवार को सीबीआई को पता चला कि पवन धनबाद में है और सदर थाना क्षेत्र के पास एक मिश्रित भवन के पास अपने घर में छिपा है. इसी सूचना के आलोक में सीबीआई की टीम पटना से धनबाद पहुंची और पवन को शिकंजे में लिया. सीबीआई की टीम द्वारा पूछताछ में पवन ने बताया कि सुदामडीह स्थित एक तालाब में कई दस्तावेज और उपकरण बोरा में भरकर फेंका गया है. सीबीआई पवन को सुदामडीह ले गई और तालाब से बोरे को बरामद किया. इसके बाद सीबीआई पवन और बोरा को जब्त करते हुए अपने साथ पटना ले गई.

इस घटना के बाद पवन की मां अपने बेटे की तलाश में सरायढेला स्थित सीबीआई ऑफिस पहुंची. जहां अधिकारियों ने पवन की मां से कहा कि धनबाद सीबीआई की टीम ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है. उसे दूसरे राज्य की सीबीआई ने हिरासत में लेकर अपने साथ पटना ले गई है. जहां उससे नीट परीक्षा पेपर लीक के बारे में पूछताछ की जा रही है. सूत्रों का दावा है कि अब तक नीट परीक्षा लीक मामले में 37 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं. सीबीआई सरायढेला स्थित कार्मिक नगर के अमित सिंह को तलाश कर रही है, लेकिन वह एक महीने से फरार चल रहा है, जो अमन सिंह का भाई है.

### कौन है अमित सिंह

नीट परीक्षा लीक मामले में जुलाई के प्रथम सप्ताह में सरायढेला के अमन सिंह के बाद बंटी और राहुल भी सीबीआई के हत्थे चढ़ गये. सूत्रों के अनुसार संजीव मुखिया के करीबी चिंटू और मुकेश से मिली जानकारी के बाद आरोपी अमन सिंह को गिरफ्तार किया गया. अमन का बड़ा भाई बीटेक डिग्री होल्डर अमित सिंह एडमिशन कराने का काम करता है. अमन सिंह, पेपर लीक केस में फरार रॉकी का बेहद खास माना जा रहा है. बता दें कि नीट पेपर लीक मामले के तार धनबाद से जुड़ने के बाद पेपर लीक के किंगपिन अमन सिंह को गिरफ्तार किया गया था. उसके अकाउंट से काफी रकम की निकासी के बाद बंटी और राहुल को गिरफ्तार किया गया.

### अमन सिंह के घर से मिले थे कैश और कागजात

सूत्रों के अनुसार सीबीआई की टीम ने अमन सिंह के घर में तलाशी ली थी. इसके के बाद कोयला का-रोबार से भुगतान के लिए रखे गए करीब चार लाख रुपये, तीन बैंक खाता, चार मोबाइल, गांव की जमीन और दो गाड़ी के कागजात जब्त कर ले गई थी.

### धनबाद और हजारीबाग से जुड़े तार

सूत्रों के अनुसार नीट पेपर लीक केस में फरार रॉकी का अमन सिंह काफी करीबी है. रॉकी संजीव मुखिया का भांजा है, जो रांची में होटल के कारोबार से जुड़ा है. रॉकी ने नीट पेपर लीक के बाद उसका जवाब तैयार करने के लिए सॉल्वर्स का जुगाड़ किया था. रॉकी, झारखंड में संजीव मुखिया गिरोह का मास्टरमाइंड है. रांची और पटना के एमबीबीएस स्टूडेंट्स को सॉल्वर्स के तौर पर इस्तेमाल किया गया है. नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग से जमालुद्दीन, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल शामिल हैं. धनबाद से गिरफ्तार युवकों के तार हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से जुड़े है.

### फाइल ट्रांसफर के लिए ऐनी डेस्क का इस्तेमाल

सूत्रों के अनुसार अभी तक की जांच में यह साफ हो चुका है कि प्रश्नपत्र हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से ही गायब हुआ था. प्रश्नपत्र और हल किए गए उत्तर एक जगह से दूसरी जगह तक भेजने के लिए शातिरों ने उपकरणों के उपयोग में भी सावधानी बरती थी. फाइल ट्रांसफर करने के लिए एनी डेस्क का सहारा लिया गया था.




# धनबाद प्रेस क्लब चुनाव में 21 पदों के लिए 55 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**धनबाद :** चुनाव सत्र 2024- 27 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम तिथि 25 जुलाई को समाप्त हो गयी एवं नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 21 पदों के लिए 49 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया. स्क्रूटनी में सभी जमा फार्म सही पाया गया. नाम वापसी की तिथि 26 जुलाई तक है जो उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहते हैं वह आवेदन दे सकते हैं. क्लब का 3 अगस्त को होने वाले चुनाव में कुल मतदाता 232 है जो अपना मत का प्रयोग करेंगे. धनबाद प्रेस क्लब का चुनाव में भाग लेने वाले 55 उम्मीदवारों ने फार्म को भर कर चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक व अधिवक्ता अभय भट्ट के पास गुरूवार को जमा कर दिया गया.

**फार्म जमा करने वालों में अध्यक्ष के एक पद के लिए तीन उम्मीदवार क्रमश:**

1.संजीव झा,
2.राम जी यादव
3. विनोद त्रिपाठी

**वरीय उपाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन उमीदवार**

1.अभिषेक कुमार उर्फ कुंवर अभिषेक सिंह
2. शशि भूषण राय
3. अरुण वर्णवाल

**महासचिव के एक पद के लिए**

1. आशीष कुमार अमबष्ट
2. दिलीप कुमार
3. अजय प्रसाद

**कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए**

1. लखन कुमार
2. मनोज कुमार शर्मा

उपाध्यक्ष के पांच पद के लिए

1. धीरेंद्र कुमार राय
2. नवनीत नमन
3. उमेश कुमार तिवारी
4. सुरेंद्र यादव
5. नीतीश कुमार चौरसिया
6. बलवंत कुमार
7. राजेंद्र वर्मा
8. शरद चंद्र
9. प्रतीक पोपट
10. उमेश कुमार पासवान
11. विद्युत कुमार वर्मा
12. अमर प्रसाद उर्फ अमर

**सचिव के पांच पदों के लिए**

1. नवीन राय
2. राममूर्ति पाठक
3. प्रकाश कुमार
4. गौतम डे
5. संजय कुमार
6. चंदन पाल
7. दिलशाद खान
8. संजय चौरसिया उर्फ जेठालाल
9. मोहन गोप

**कार्यकारिणी के सात पदों के लिए**

1. रविंद्र नाथ चौरसिया
2. नीरज कुमार
3. अनिल कुमार पांडे
4. गोपाल प्रसाद
5. रोशन कुमार सिंन्हा
6. कन्हैया कुमार पांडे
7. विपिन कुमार रजक
8. शंभवी सिंह
9. दिलीप विश्वकर्मा
10. राकेश कुमार महतो
11. विक्की प्रसाद
12. मोहम्मद शब्बीर हुसैन
13. अशोक कुमार प्रमाणिक
14. राजीव रंजन
15. राजकुमार जायसवाल
16. राजेश कुमार साव
17. शिल्पा सिंह

चुनाव मैदान में हैं. चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक व अभय भट्ट ने बताया कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष होगा.

# बांका जिले में अपराधियों ने धनबाद के एक कांवरिया की हत्या कर दी...



धनबाद : टुंडी के बेहड़ा निवासी विकास मंडल पुत्र अभिषेक मंडल उर्फ असित मंडल उम्र 22 वर्ष बिहार बांका जिला के कटोरिया के पास लूटपाट कर अपराधियों ने चाकू मार कर कर दी हत्या, 25 जुलाई को अभिषेक मंडल सुल्तानगंज से कांवर लेकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने जा रहा था अभिषेक मंडल अपने एक साथी के साथ मुख्य मार्ग से कुछ दूर सोच के लिए गया था इस दौरान चार पांच अपराधी लूटपाट करने के लिए आए कांवरिया का मोबाइल छीनने लगे तभी कांवरिया में शोर मचाया कांवरिया का एक साथी भागने में सफल हुए अपराधियों ने अभिषेक को गर्दन मैं चाकू मार दिया चाकू आर पार हो गया कांवरिया के हल्ला करने के बाद आसपास के लोग जुटे एवं मौके पर ही पुलिस दल बल के साथ पहुंचे कांवरिया को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, कांवरिया साथी ने भी अस्पताल के बाहर शोर मचाए एवं एवं प्रशासन के साथ मांग रखी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए एवं प्रशासन इसकी जांच पड़ताल कर रही है घर वालों को घटना की सूचना मिलते ही बांका जिला रवाना हो गए,मीडिया के माध्यम से खबर मिला राष्ट्रीय सूड़ी समाज को शांतोना देने उनके घर पहुंचे समाज के एक प्रतिनिधि मंडल नृत्य अभिषेक मंडल के घर पहुंचे एवं अंतिम यात्रा में शामिल हुए उनकी आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया नृत्य अभिषेक मंडल के पिता एवं परिजन से बात विचार कर घटना के बारे में जानकारी लिए मौके पर राष्ट्रीय संयोजक रणवीर मंडल झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल प्रदेश मंत्री विकास मंडल धनबाद जिला युवा अध्यक्ष हिमांशु मंडल धनबाद जिला मंत्री गौतम मंडल जिला मंत्री राजा मंडल अजीत मंडल उत्तम मंडल समाज सेवी प्रेमी शामिल हुए इस दुखद घटना में कांवरिया अब बाबा धाम जाने से भी डर रहे हैं.

## साइबर अपराधो पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाकर धनबाद पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया



धनबाद : बढ़ रहे साइबर अपराधी पर लगाम लगाने को लेकर लगातार धनबाद पुलिस लोगों को जागरुक कर रही है इसी क्रम में प्रतिबिंब एप्प के माध्यम से कई नंबरों को ट्रैक किया गया। जिसमें इसी क्रम में दो ऐसे नंबर ट्रैक किए गए जिस पर पूर्व से ही मामले दर्ज थे जिसके बाद अभियान चलाते हुए धनबाद से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपियों के बाद से 9 एंड्राइड मोबाइल ,14 एटीएम कार्ड, 3 पैन कार्ड ,तीन आधार कार्ड ,6 पासबुक, एक चेक बुक ,पांच डायरी और एक कॉपी बरामद किया गया है। पूरा मामले पर जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि साराडीला थाना अंतर्गत वनस्थली कॉलोनी के सुखधाम रेजिडेंसी फ्लैट नंबर 401 से किशन कुमार और पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है कानपुर में दर्ज मामले में बेटा को रेप में फसाने के नाम पर साइबर फ्रॉड किया गया था जबकि पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज किए गए थे उन्होंने लोगों से जागरूक होने और किसी भी अनजान व्यक्ति से आदान-प्रदान करने से बचने की अपील किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

धनबाद : डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, धनबाद में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती झूमा महता की निर्देशन में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गयीं। जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी तथा एलजी के बच्चों का येलो डे एवं कक्षा यूकेजी से द्वितीय के बच्चों द्वारा थ्रेड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कक्षा तृतीय से पंचम के बच्चों द्वारा अंतर सदनीय इंग्लिश स्लोगन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसका विषय फ्रीडम फाइटर था। कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों के बीच ओपेन



टू ऑल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का विषय छठी से आठवीं तक ' अनेकता में एकता' नवी से 12वीं तक ' हमारी सेना हमारा अभिमान' इसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्यमहोदया ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें भारतीय सेना की वीरता, त्याग व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। निर्णायक मंडल में श्री बीके भारती, अंतरा रॉय, सोनम कुमारी, बबलू सिंह व पीके गांगुली थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# शक्ति समर्पण फाउंडेशन ग्रुप ने सावन मिलन कार्यक्रम द लाइट हाउस रिजॉर्ट में किया





**धनबाद :** शक्ति समर्पण फाउंडेशन ग्रुप की ओर से सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन द लाइटहाउस रिजॉर्ट में किया गया जो की बालाजी पेट्रोल पंप के पास है इस सावन मिलन कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को सुहाग की सामग्री उपहार स्वरूप दिया गया तथा सभी महिलाओं ने सावन के गानों पर खूब नाचा। रिसोर्ट में गार्डन का व्यू इतना हरा भरा था की भी सभी महिलाओं खूब फोटो लेते हुए गाने बजाने का आयोजन भी किया और साथ में सभी महिलाओं को सिंदूर लगाकर सुहाग का सामान जैसे चूड़ी बिंदी सिंदूर मेहंदी खोईचा में दिया गया सावन के महीने में अपनी सभ्यता से जुड़ा हुआ सुहाग का यह सिंदूर बिंदी प्रकार सभी महिलाएं बहुत खुश थी. उक्त अवसर पर संस्था की अध्यक्ष मधु सिन्हा, सचिव संतोषी आनंद समेत नेहा विनोद भगत, राखी सिंह,सुषमा सिंह,किरण सिन्हा,मीनू साहू,तृप्ति श्रीवास्तव, मणि सिंह,अंजलि कल्याणी इत्यादि उपस्थित थी.

## कोयलांचल पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद :** कोयलांचल पब्लिक स्कूल सिमलदीह, तेलीपाड़ा में श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय सरायढेला, धनबाद के सहयोग से छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, साथ ही झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए भी निशुल्क जांच किया गया । इसमें मुख्य रूप से रमेश तिवारी, प्राचार्य संजय कुमार, स्कूल कैप्टन अनमोल रवानी, वाइस कैप्टन संजु कुमारी एवं हाउस कैप्टन सौम्या शर्मा , गौरव मुर्मू, सोमा पाण्डे एवं सिमरन कुमारी सक्रिय भुमिका रही। आँख विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच के बाद कुछ टिप्स भी बच्चों को दिए, अनमोल आँख का देख भाल कैसे करना है, उक्त अवसर पर प्रिंसिपल ने भी बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रहने का सलाह दियें.

## महुवाडाबर गांव में अभिवावकों ने अपने बच्चों को शिक्षकों से नाराज होकर विद्यालय भेजना बंद कर दिया



पूर्वी टुंडी : प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत स्थित महुवाडाबर गांव में अभिवावकों ने अपने बच्चों को शिक्षकों से नाराज होकर विद्यालय भेजना बंद कर दिया था। यह मामला महुवाडाबर गांव में स्थित नया प्राथमिक विद्यालय का है। छात्रों के विद्यालय ना जाने की सूचना पाकर प टुंडी विधानसभा के नेता बिदेश दा, जेबीकेएसएस पार्टी के जिला संगठन सचिव मनीष राय, ग्रामीणों की समस्या के निदान के लिए लोगों से मिलने पहुंचे।वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजीव रंजन,ने विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां गांव के ग्रामीण एवं अभिवावकों ने पदाधिकारी एवं नेताओं के समक्ष शिक्षकों के ऊपर जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीण एवं अभिवावकों ने बच्चों को स्कूल ना भेजने के कारण बताते हुए कहा की शिक्षकों की हमेशा मनमानी देखी जाती है। बच्चों को ठीक से पढ़ाया नहीं जाता है। मिड-डे मील में अनियमिता बरती जाती। इसको लेकर कई बार हम सब अभिवावकों ने शिक्षकों के साथ बैठक कर अपने कार्य शैली पर सुधार करने को कहा गया।इसके वाबजूद शिक्षकों ने अपनी मनमानी नहीं छोड़ी। बीईईओ राजीव रंजन ने अभिवावकों के समक्ष शिक्षकों को जमकर डांट फटकार लगाकर अपनी कार्यशैली पर सुधार करने की बात कही। वहीं इस दौरान टुंडी विधानसभा के नेता विदेश दां ने भी शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य बनाने हेतु कार्य शैली पर सुधार लाने की बात कही। अभिवावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने पर सहमति बनाई।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा, परीचर्चा का दौर शुरू



**गोमो:** फतेहपुर नवाटांड़ स्थित झारखंड जनहित मोर्चा के वरीय नेता उगन महतो जी के आवास पहुंचे केन्द्रीय अध्यक्ष, झारखंड जनहित मोर्चा मानापाठक और उगन महतो जी से भेट कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा किया इस दौरान झारखंड जनहित मोर्चा के सभी साथीगण मजबूती से इस विधानसभा चुनाव में टुंडी वासियों के हक,अधिकार व विकास के लिए अपनी आवाज बुलंद करने पर बल दिया।






# जदयू पार्टी ने हल्ला बोल,पोल खोल₹ के दौरान पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया

■ **गरीबों का खून चूसना बंद करें भ्रष्ट अधिकारी - दीप नारायण सिंह**

टुंडी : भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं में हो रही लुट - खसोट के विरुद्ध पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जदयू पार्टी द्वारा पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को ₹हल्ला बोल, पोल खोल₹ कार्यक्रम के तहत जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह और जदयू धनबाद के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने उपस्थित जदयू एवं यूथ फोर्स के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ कार्यक्रम में शामिल हो कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपना रोष प्रदर्शन किया। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकर्ताओ ने लटानी मोड़ से जुलूस के शक्ल में पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय पहुंचे और भ्रष्टाचार और गरीबों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं में हो रही लुट - खसोट के विरुद्ध जमकर नारा लगाते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। अन्यथा भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारीयों के खिलाफ उग्र कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए भी तैयार रहें।जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि अगर कोई गरीब , मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, महिलाओं का हक - अधिकार को छिनने का प्रयास किया तो जदयू पार्टी के कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा 37 सूत्री मांगपत्र सौंपा और मांगपत्र पर तत्काल अमल करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू युवा प्रकोष्ठ पूर्वी टुंडी प्रखंड गुड्डू सिंह और संचालन सुरज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष धनलाल दुबे,जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह,जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, युवा अध्यक्ष पूर्वी गुड्डू सिंह, दिनेश राय, सुनील रजक, सहदेव भंडारी, विनोद महतो, विनोद राय, उत्तम रजवार, गौतम पांडेय , अभिराम मुर्मू, सरिता देवी, कुसुम देवी, सुबल दास, नेपाल सिंह, बलराम राय, सुकुमानी देवी, जीतन दास सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## टुंडी अंचल के नए अंचल अधिकारी जितेंद्र प्रसाद ने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया

टुंडी : टुंडी अंचल के नए अंचल अधिकारी जितेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को टुंडी अंचल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया इस मौके पर अंचल कर्मियों ने नव पदस्थापित अंचलाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अंचल अधिकारी ने उपस्थित सभी अंचल कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और सभी कर्मियों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर समर्पित होकर काम करने को कहा। मौके पर मुख्य रूप से प्रधान सहायक दीपक लाल, अंचल निरीक्षक इजहार खान, नाजिर पंकज कुमार, इजरायल खान, भुनेश्वर प्रसाद, धनेश्वर भोक्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अंचल अमीन बेजू यादव, मेघलाल महतो, सहजद अंसारी आदि उपस्थित थे।



## अनुराग गुप्ता बने झारखंड के डीजीपी

रांची :1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता को सरकार ने झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया है. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को जारी कर दी है. अनुराग गुप्ता अभी सीआईडी डीजी के पद पर पदस्थापित हैं. वह एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के डीजी भी हैं. वहीं झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार सिंह को पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का एमडी बनाया गया है. जारी अधिसूचना के मुताबिक, पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी प्रशांत सिंह को डीजी वायरलेस बनाया गया है. जानकारी के मुताबिक, आईपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं. वह गढ़वा व हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं. इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय में उन्हें लंबे समय तक एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर काम करने का भी अनुभव है.





# कारगिल विजय दिवस पर वाणी मंदिर क्लब और शिवली बाड़ी ने पूर्व सैनिक तथा तीनों सेना के जवान व उनके परिवार को सम्मानित किया



**कुमारधुबी:** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के अवसर पर वाणी मंदिर क्लब और शिवली बाड़ी मध्य पंचायत के सौजन्य से क्षेत्र के पूर्व सैनिक तथा तीनों सेना के जवान व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। शुक्रवार की शाम कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की याद में दीप प्रज्वलन से हुआ।वाणी मंदिर क्लब के संयोजक अभिजीत घोष ने शहीदों को याद करते हुए उनके शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला। इसके बाद देश भक्ति गीत गाकर बच्चों ने वीरों की गाथा सुनाई।स्थानीय कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर मौजूद दर्शकों में देश भक्ति का जज्बा भरा। इस कार्यक्रम में जल, थल एवं वायु तीनों सेनाओं के वर्तमान तथा पूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। 1971की लड़ाई में भाग ले चुके सैनिक इंद्रदेव सिंह,कारगिल युद्ध में सम्मिलित फिलिप कुजूर सहित 25 जवानों और उनके परिवारों को कुमार धुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ,मुखिया अनामिका देवी, दोयल घोष,डी एन पाठक,बापी बनर्जी,विश्वनाथ दास,संजीव मजूमदार टी के सिंह,उत्तम सिन्हा,झूमा मसीह,संजय यादव, आदि ने सम्मानित किया । पुष्प गुच्छ व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रत्युष ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्ना यादव, संजीत यादव, अशोक यादव, प्रभाकर विश्वकर्मा,आदित्य ठाकुर,मनोज ,सत्यनारायण साव ,प्रभात कुमार ,नीरज मिश्रा,राकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## आशा किरण संस्थान ने आमटाल में मनाया पर्यावरण उत्सव



बलियापुर : आमटाल पंचायत के पंजीयनियतांड में पर्यावरण उत्सव मनाया गया जिसमें नागरिक संवाद वायु मित्र का प्रोग्राम किया गया जिसमें पर्यावरण एवं वातावरण के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक धनबाद के आशा किरण संस्थान से आए हुए सदस्यों द्वारा बताया गया एवं आमटाल पंचायत के उप मुखिया श्रीमती रीना देवी और कार्तिक रवानी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रोग्राम को सफल किया '

## गोविंदपुर में भीष्म आग लगी की हुई घटना

गोविंदपुरः लाल बाजार जीटी रोड स्थित शिव ड्राई फ्रूट्स मैं शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई आसपास के लोगों की सूचना पर दुकान मालिक प्रेम कुमार पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आज पर काबू पाया गया प्रेम कुमार ने बताया कि आग लगी कि इस घटना में लगभग कई लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ ड्राई फ्रूट के अलावा पूजा सामग्री फर्नीचर आदि जलकर राख हो गई आग लगी क्या कारण शॉर्ट सर्किट बताया जाता है इसका वैज्ञानिक कारण यही है कि आए दिन कहीं ना कहीं शॉर्ट सर्किट होने से ही आए दिन दुकान में आग लग रही है इस संबंध में श्री कुमार ने गोविंदपुर थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी थाना में आश्वासन दिया कि इसकी जांच पड़ताल की जाएगी.

# जयरामपुर क्लस्टर की सहिया लक्ष्मी कोलियरी निवासी कमला देवी का निधन



**तिसराः** जयरामपुर क्लस्टर की सहिया लक्ष्मी कोलियरी निवासी कमला देवी उम्र लगभग 50 वर्ष की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण शुक्रवार के सुबह रांची रिम्स में हो गई। मृत्यु के खबर सुनकर शहरी बी टि टि मनोवर अंसारी,संगिता देवी,रेखा कुमारी,सहिया साथी रेखा भट्ट, सुनीता देवी ,बबिता देवी,सहिया के साथ उनके घर पहुंच कर उनके पति अशोक शर्मा को आर्थिक सहायता मदद की। इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने की बात कही।

बताते हैं कि पिछले कई दिनों से कमला बीमार चल रही थी पहले धनबाद पीएमसीएच में इलाज हुआ इसके बाद रांची रिम्स भेजा गया जहां आज सुबह हृदय गति रुकने से उस्की मृत्यु हो गई दो बार डायलिसिस भी हुआ था। मृत्यु से सभी लोग मामाहित है कमला बहुत ही मिलनसार महिला थी एवं अपने गांव में काम अच्छी करती थी। क्लस्टर में भी शौक सभा का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि दी गए उनके घर पर भी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। ए एन एम रूपा कुमारी सहिया लक्ष्मी दुबे, मनोरमा गुप्ता, शांति प्रिया, शांति देवी,रेखा देवी, किरण देवी, मुन्नी देवी, पूनम देवी,रानी देवी,सविता देवी, अनिता मिश्रा आदि लोग पहुंचे। उनका पुत्र श्रवण कुमार शर्मा उनको मुखाग्नि दी। उनका दाह संस्कार मोहलवनी श्मशान घाट में कराया गया।






# रसोईया संघ जिला कमेटी गोड्डा के अनिश्चित कालीन अनशन पर अनेकों लोग पहुंचे

बासु कुमार

गोड्डा : झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत रसोईया एवं संयोजिका को हटाने जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन आयोजित कार्यक्रम जिला मुख्यालय अशोक स्तंभ पर दिनांक 25 जुलाई 24 के 1 वजे से प्रारम्भ था आज दूसरा दिन इस आमरण अनशन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अनिता ठाकुर ने किया। जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी एवं मो शुशीला, अनिश्चित कालीन आमरण-अनशन पर बैठी हुई है, परन्तु विभाग द्वारा किसी भी पदाधिकारी झांकने नहीं आए,



आज का नेतृत्व एक्टु नेता अरुण * सहाय जी के आज का नेतृत्व में आमरण अनशन पर रसोईया ने कहा जब तक कुर्मीचक मध्य विद्यालय से जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया द्वारा हटाएं गई है जिनको लेकर पुरे जिले में रसोईया व संयोजिका में काफी आक्रोश है। । और जिला शिक्षा अधीक्षक तमाशा देख रही है जबकि सरकार ने रसोईया 60 बर्षे के लिए बहाल की है जिला शिक्षा अधीक्षक जिले में मनमानी कर रही है। संघ का निर्धारित अनिश्चित कालीन आमरण-अनशन विधिवत चलता रहेगा। इसके बाद भी जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया अपनी हटाने की आदेश वापस नहीं लेती है तो तो हम भाकपा-माले रसोईया के मांगों को लेकर 28/7/2024 को शहीद स्तंभ पर जोरदार प्रदर्शन करने का ऐलान करता है।

प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुश-ावाहा ने कहा इस हेमंत सोरेन स-रकार में पदाधिकारी बेलगाम हो गई है जिसका प्रमाण गोड्डा में दिखने लगा है। मैं माननीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि ऐसे जिला शिक्षा अधीक्षक को जिले में रखने से सरकार को बदनाम करने की कम कर रही है। सरकार ने एक तरफ ढ़ोल पिट रही है कि झारखंड में महिलाओं को सम्मान देना मेरा पहली योजना है अ जैसे लगता है जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया अपनी धर से रसोईया बहनों को मानदेय देती है, ऐसे महिला पदाधिकारी को शर्म आनी चाहिए 2000/के मानदेय पर सरकारी विद्यालय में बच्चों का खाना बना कर खिलाती है थाली, झाड़ू लगवाई जाती है और मानदेय के नाम पर नगय बोलतीं बंद हो जाती है लेकिन रसोईया संयोजिका को बहाल करने में आगे रहती है।

उक्त आमरण अनशन कार्यक्रम में जिला सचिव अनिता ठाकुर, उपाध्यक्ष रेखा देवी भाकपा-माले जिला सचिव राम दास साह,एक्टु राज्य उपाध्यक्ष अरुण सहाय, संरक्ष-ाक संजीव ठाकुर, चम्पा देवी, संयोजिका किरण देवी,मंगली खातुन प्रखंड अध्यक्ष मेहरमा,प्रितिमा देवी, शीला देवी,राजो देवी, उर्मिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष अंजल देवी, ललिता देवी, शिखा देवी,फादो देवी, बुधनी देवी,पैरू मंडल, गुलाबी देवी,टुभो देवी शफीक अंसारी राम प्रवेश साह,चतुरी मांझी आदि दर्जनों संयोजिका रसोईया उपस्थित हैं।

## पूर्व जिप सदस्य हीरामन नायक ने ग्रामीणों की समस्या को सुना और उसे निदान का भरोसा दिया



**गोमो:** पूर्व जिला परिषद सदस्य सह वर्तमान जिला परिषद प्रतिनिधि और भा ज पा नेता हीरामन नायक के द्वारा शुक्रवार को हरिहरपुर पंचायत के पांडेय टोला, नाई टोला और डोम टोला का दौरा किया गया। वहा जहां श्री नायक ने मोदी जी के कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा गांव के निवासियों के द्वारा वहां के समस्या के बारे मे सुना वहा हर घर जल नल योजना के तहत पाइप तो बिछाया गया और लोगो से पैसा और आधार कार्ड भी लिया गया है पर अभी तक पानी नहीं मिला इसी तरह के कई समस्याओं से अवगत हुए और उक्त समस्याओं के निदान का भरोसा दिया । मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अभी युवा भी कर रहे हैं राजनीतिक में आने की तैयारी विधानसभा की हो रही है तैयारी

गोड्डा : महागामा विधानसभा से एक ऐसा प्रत्याशी जो 20 वर्ष के युवा प्रत्याशी हैं महागामा में इनका भी नाम है और महागामा विधानसभा क्षेत्र से यह निर्दलीय विधायक के लिए चुनाव लड़ना चाह रहा है युवाओं को दिलों पर राज करते हैं युवा प्रत्याशी युवाओं के बारे में बहुत कुछ यह सोचते हैं इस बार महागामा विधानसभा से चुनाव लड़ना चाह रहे हैं ताकि गरीब जनता और हर जाति सामुदायिक लोगों को मदद करना चाहते हैं अपने व्यवहार के भाषा से भी यह जाने जाते हैं कर्मठ एवं शिक्षित योग प्रत्याशी हैं सभी जाति धर्म के लोगों ने भी इन्हें सपोर्ट करने के लिए चाह रहे हैं अपना दम कम इस विधानसभा में इस बार नए-नए चेहरा देखने को मिलेंगे इन्होंने कहा सिर्फ एक ही प्रत्याशी पंकज कुमार ओझा को ही सपोर्ट करें महागामा वासी करो तैयारी चुनाव का, विधान सभा 18 से मैं भी आ रहा निर्दलीय पार्टी प्रत्याशी पंकज कुमार ओझा समाज सेवा बुरा ना माने चुनाव एक त्यौहार है, मुझे पता है कि मैं एक गरीब असाय बेरोजगार व्यक्ति हूं यहां पैसा वाला का बोल है। एक बार मुझे भी मौका दिया जाए मैं भी अपने समाज एवं विधानसभा के अंतर्गत सभी क्षेत्र का विकास करूं और खासकर सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का पढ़ाई लिखाई सही



तरीका से हो सके ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो, बिजली समय पर व्यवस्था प्रबंध हो और समय पर सारा काम हो तथा समय पर जल सेवा प्रबंध हो घर-घर में जल हो। मेरे इस तथ्य पर कुछ लोगों को बुरा लगेगा मुझे इस बात का पता है। आज के दौर पर गरीब भाई बहनों को एवं ग्रामीणों को बहुत सारे समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है उसका वर्णन करना बहुत ही दुखनीय हैं जिस पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और ना ही ध्यान दिया जाता है आज के इतिहास में अनेक अनेक प्रकार के गांव समाज के गलियों एवं सड़कों की स्थिति देख लिया जाए। किसी को बुरा लगे तो उसके लिए मैं बारंबार क्षमा मांग रहा हूं। मैं किसी भी दल से नहीं हूं मैं केवल चाहता हूं कि हर समाज एवं मेरा भारत देश प्रगति के

## गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने मासिक अपराध गोष्ठी का किया आयोजन



गोड्डा : एसडीपीओ कार्यालय गोड्डा में एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लंबित कांडों की समीक्षा की गई ,एंटी क्राइम में बाइक को चेकिंग करने का निर्देश दिया गया ,जो भी वारंटी फरार हैं उसको पकड़ने का दिशा निर्देश दिया गया, और नशा के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा गया और बैठक में अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी, प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार उपस्थित थे

## पुलिस निरीक्षक ने विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्ता समझाई



गोड्डाः सदर :पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने उत्क्रमिक उच्च विद्यालय मोतिया में विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्ता बताई। गुरुवार को पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक मोतिया थाना प्रभारी महावीर पंडित के साथ मिलकर विद्यालय पहुँचे थे, सर्वप्रथम पुलिस निरीक्षक मोदक ने प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित शिक्षकों से विद्यालय के सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी लिये। इस दरम्यान पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने छात्रों व छात्राओ को कई महापुरुषों के उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताये, पुलिस निरीक्षक मोदक ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन मे कुछ भी बनने के लिए या सफलता अर्जित करने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है तथा शिक्षा देने वाले गुरु का भी जीवन मे बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, मोदक ने विद्यार्थियों को अपने माता पिता, अपने गुरु तथा बड़े बुजुर्गों का सम्मान करने की भी बात कही। उन्होंने छात्रों व छात्राओं को एम वी एक्ट, डायल 100 सहित आत्म रक्षा के गुर भी बताए। वही थाना प्रभारी महावीर पंडित ने कहा कि स्कूल की शिखा महत्वपूर्ण होती है अभी आप मेहनत से पढ़ाई कीजिये तो आपका भविष्य अच्छा और बेहतर होंगे।